# सराहनीय कार्य
## इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

***प्रेसनोट दिनांक 08.10.2025***

**जान से मारने की नियत से फायर करने वाले 01 अभियुक्त को इटावा पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड़ मे किया गया गिरफ्तार,**

**कब्जे से 01 तमंचा अवैध तमन्चा 315 बोर एवं 02 खोखा व 02 जिंदा कारतूस किये गये बरामद**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में इटावा पुलिस **थाना कोतवाली पुलिस** द्वारा की गयी कार्यवाही।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 06.10.2025 को वादी माधव गुप्ता पुत्र राजेश गुप्ता निवासी रानीबाग थाना कोतवाली जनपद इटावा द्वारा थाना कोतवाली पर लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि नामजद व्यक्तियों द्वारा वादी को गालियाँ दी गयी तथा मना करने उसके ऊपर जान से मारने की नियत से फायर किया गया जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर तत्काल थाना **कोतवाली पर मु0अ0सं0 214/2025 धारा 109/352 बीएनएस पंजीकृत किया गया।**

**गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-**

अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 07/08.10.2025 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि दिनांक 06.10.2025 को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत जान से मारने की नियत फायर करने वाला अभियुक्त ख्वाजा तिराहा ग्वालियर लायन सफारी रोड पर खड़ा है, सूचना पर तत्काल थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मौके पर जाकर अभियुक्त को गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया तो उसके द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया गया जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी तो **01 गोली अभियुक्त राजन उर्फ गुड्डन के बांये पैर में लगी जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 218/2025 धारा 109(1) बीएनएस ( पुलिस मुठभेड़)/ 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. राजन उर्फ़ गुड्डन उर्फ माया पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र उम्र 20 वर्ष निवासी लोकूमल टोपन दास मिल के पीछे ब्रह्म नगर मोहल्ला थाना कोतवाली इटावा।

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0 214/25 धारा 109/ 352 बीएनएस थाना कोतवाली जनपद इटावा।
2. मु0अ0सं0 218/2025 धारा 109 (पु0मु0 )/3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली जनपद इटावा।

**बरामदगीः-**

1. 01 तमन्चा 315 बोर
2. 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर
3. 02 खोखा कारतूस 315 बोर

**पुलिस टीमः-** निरी0 श्री यशवन्त सिंह प्रभारी थाना कोतवाली, उ0नि0 कृपाल सिंह, उ0नि0 मुकेश कुमार, उ0नि0 काशिफ हनीफ, का0 आकाश यादव, का0 शेखर चौहान, का0 अमर प्रताप सिंह, का0 कुलदीप कुमार।